


## एक नजर में

### राशि जमा नहीं करने पर 4 दुकानों का आवंटन निरस्त

**महिदपुर।** नगरपालिका महिदपुर द्वारा समय समय पर प्रिमियम राशि जमा करने हेतु अवसर प्रदान करने के बाद भी प्रिमियम राशि जमा नहीं करने के कारण गणेश चौपाटी स्थित दुकान नम्बर 8 नाजिश खान पति जुनैद, दुकान नम्बर 9 कृष्ण बाबूलाल एवं न्यायालय परिसर के सामने प्रथम की दुकान नम्बर 8 दिलीप बापूलाल दुकान नम्बर 5 दिलीप मुन्नालाल का आवंटन निरस्त करते हुए जमा अमानत राशि राजसात की गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा चर्चा में बताया कि शीघ्र ही उक्त दुकानों की पुन: नीलामी की जाएगी।

### सिप्ला के सीएसआर प्रमुख ने कार्यों का निरीक्षण किया

**नागदा।** धार जिला के धरमपुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत फरसपुरा में जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में सिप्ला फाउण्डेशन के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत और बाएफ लाइवलीहुड द्वारा क्रियान्वित प्रोजेक्ट जलधारा ने आदिवासी समुदाय के जीवन को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन किए गए कार्यों का अवलोकन सिप्ला के सीएसआर प्रमुख अनुराग मिश्रा, सिप्ला के आपरेशनल प्रमुख जेसन जेकोब, महेश सोमानी, पवन पाटीदार, जेयुल पाटीदार की उपस्थिति में जिसमें सर्वप्रथम सिमराली के तालाबपुरा में किसानों के साथ बैठक की गई। सामुदायिक सभा एवं चर्चा ग्राम सिमराली के तालाबपुरा में अयोजित सामुदायिक सभा में महिला और पुरुष किसानों को मृदा संरक्षण और उसकी उर्वरता बनाए रखने के बारे में बताया व ग्राम में किए गए कार्यों के बारे में बताया। जिसमें किसानों के सहयोग से किया गया था जैसे चेक डेम रिपेयर, मेड बंधान, रिचार्ज फार्म पौण्ड, रिचार्ज पिट, लाईन फार्म पोंड, सब्जी की खेती, सोलर होम लाईट, सोलर स्ट्रीट लाईट से होने वाले लाभ के बारे में बताया। पहले की तुलना में पानी के रिचार्ज कुओं में बढ़ा फूलों, सब्जी की खेती नई तकनीकी से करना सीखा आदि प्रकार की जानकारी किसानों ने दी।

### बॉडी ऑर्गन एंड डोनेशन, परिपत्र का विमोचन



**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन ऊर्जा एवं लायंस क्लब अनुराग द्वारा संयुक्त रूप से बॉडी ऑर्गन डोनेशन गतिविधि का आयोजन किया गया। लायन डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव, डॉ. नीलिमा मित्तल, लायन जेपी पंचारिया, संजय मित्तल, प्राचार्य आरयू खान की गरिमामय उपस्थिति में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर (बॉडी एंड ऑर्गन डोनेशन) लायन केएम अवस्थी द्वारा परिपत्र का विमोचन कराने के साथ ही वाचन कर उपस्थित विद्यालय के लगभग 100 बच्चों एवं अध्यापक गणों को परिपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य आरयू खान द्वारा लायंस के सेवा कार्यों एवं अंग दान के बारे में बताते हुए सभी अतिथियों का परिचय दिया। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लायन केएम अवस्थी द्वारा अंग एवं देह दान के महत्व एवं आवश्यकता को बताते हुए समस्त बच्चों को उनके माता–पिता एवं अभिभावकों को परिपत्र से अवगत कराने हेतु कहा गया। इस अवसर पर जेपी पंचारिया ने बच्चों को लायंस इंटरनेशनल संस्थान की स्थापना, संरचना एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संजीव आचार्य, डॉ.राम मोहन शुक्ल, केएम अवस्थी, ओमप्रकाश जाटव, किरण पंचारिया, विनोद कुमार गोयल, रेखा गोयल के साथ ही विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित रहे। अंत में सभी का आभार ओमप्रकाश जाटव ने माना।

### न्यायोत्सव में विधिक साक्षरता शिविर लगाया

**खाचरौद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश उज्जैन गुप्ता के आदेश अनुसार तथा प्रथम जिला न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति खाचरौद ने न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत 09 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा अनुसार ग्राम मडावदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्रथम जिला न्यायाधीश नीतू कांता वर्मा एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज बुटानी द्वारा ग्रामीणजनों को विधिक जानकारियां प्रदान की गई। जिसमें जमीन विवाद से संबंधित प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किए जाने, चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों की जानकारी एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किए जाने से होने वाले फायदों के बारे मे बताया गया। मजदूरों के हित में चलाई जा रही योजना, उनके अधिकारों एवं कर्त्तव्यों से संबंधित जानकारी तथा बाल विवाह एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों से रोकथाम के विषयों पर भी जानकारी न्यायधीशगण द्वारा ग्रामीण जनो को दी गई। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर पाटीदार अधिवक्ता द्वारा किया गया। गांव में ही निवासरत गत्तूलाल शर्मा एवं श्री रवि मुकाती अधिवक्ता द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### कुशवाह ने दी एकल तबला वादन की प्रस्तुति



**उज्जैन।** जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर, एम्बेसी ऑफ़ इंडिया, मॉस्को रूस में तबला शिक्षक एवं कलाकार के पद पर नियुक्त उज्जैन के प्रतिष्ठित युवा तबला वादक अरुण कुशवाह द्वारा साइबेरिया के शहर टॉम्स्क में स्थित टॉम्स्क रीजनल स्टेट फ़िलहार्मोनिक सेंटर में आईसीसीआर (इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस) एवं टॉम्स्क ऑब्लास्ट एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा आयोजित डेज़ ऑफ़ इंडियन कल्चर इन टॉम्स्क के तत्वाधान में एक दिवसीय तबला कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया एवं समापन समारोह में एकल तबला वादन प्रस्तुत किया। जिसमें हारमोनियम पर नगमे की संगत स्नेह आशीष दुबे द्वारा की गई। यह कार्यक्रम 5 और 6 नवम्बर को आयोजित किया गया था जो कि श्रोताओं द्वारा अत्यंत सराहनीय रहा एवं आकर्षण का केंद्र रहा। वर्तमान में उज्जैन के अरुण कुशवाह भारत के सांस्कृतिक दूत के रूप में रशिया में भारतीय संगीत एवं संस्कृति का प्रसार प्रचार कर रहे हैं।

# महिदपुर के इंजीनियर सकलेचा एवं ठेकेदार पठान का कारनामा

**▸ नक्शे के अनुरूप मकान नहीं बनाकर पारितोषिक भी ले लिया, ठेकेदार पठान ने भी स्वरूप बिगाड़ा**

**महिदपुर।** आदमी अपनी जीवनभर की पूंजी मकान बनाने में लगा देता हं ताकि उसके रहने के लिए एक अच्छा आशियाना तैयार हो सके। लेकिन अगर उसे आशियाने को अच्छे से ना बनाकर ठेकेदार और इंजीनियर बिगाड़ देते हैं उस आदमी की पूरी जिंदगी भर की कमाई पर पानी फिर जाता है। वहीं उसके सारे सपने भी टूट जाते हैं उसके बाद सिवाय रोने के और कुछ नहीं बचता है। ऐसा एक कारनामा महिदपुर के ठेकेदार असलम पठान और इंजीनियर परितोष सकलेचा ने मिलकर एक निम्न वर्ग के व्यक्ति को अच्छा सा ले–आउट दिखाकर बड़े बड़े सपने दिखाकर मकान बनाने का ठेका ले लिया और उसके बाद उसके आशियाने को पूरी तरह बिगाड़ कर रफूचक्कर हो गए।

मामला मुंडला परवल निवासी भोमलाल गोयल का है जो कि पेशे से पत्रकार हैं और बड़ी मुश्किल से अपना गुजर बसर कर लोन लेकर कुछ पैसा बचाकर मकान बनाने के लिए महिदपुर के नगर पालिका के अधिकृत इंजीनियर परितोष सकलेचा को भूमि बताकर नक्शा बनवाया गया था। सकलेचा ने नक्शा बनाकर ठेका असलम पठान को दे दिया। इसके पूर्व उन्होंने जो नक्शा बनाया था उसके अनुरूप जिस प्रकार की डिजाइन मकान की तैयार हो गयी उसकी कापी भी मकान बनवाने वाले भोमलाल गोयल को बताकर राशि ले ली गई।






लेकिन ना तो मकान ले–आउट के हिसाब से बनाया गया और ठेकेदार डिजाइन के अनुरूप काम किया। इसके साथ मकान को नक्शे के विपरीत बनाकर पूरा मकान को बिगाड़ कर रख दिया गया। इस संबंध में मकान बनवाने वाले भोमलाल गोयल ने थाना प्रभारी को इस बाबत एक शिकायती आवेदन भी दिया गया। लेकिन थाना प्रभारी नरेन्द्र परिहार ने मामले में कार्रवाई तो दूर की बात –बात तक नहीं सुनी। फिर गोयल अपनी फरियाद लेकर जनसुनवाई में गए जहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश भार्गव ने उनकी पूरी बात सुनी और दूरभाष पर थाना प्रभारी परिहार को मामले में कार्रवाई के लिए कहा लेकिन फिर भी उन्होंने कार्रवाई नहीं की।

भोमलाल गोयल ने बताया कि लोन के पैसे लेकर मेरी सारी बची हुई पूंजी मैंने अपने मकान को बनवाने में लगा दी। लेकिन इंजीनियर परितोष सकलेचा और ठेकेदार असलम पठान ने पूरा मकान बिगाड़ दिया और सिर्फ मकान का फ्रंट तैयार कर अंदर का और बहार का काम कीचन सहित संपूर्ण कार्य छोड़ दिया गया। अब यहां फरियाद लेकर मैं कहां जाऊं। अब मैं किसी दूसरे ठेकेदार से काम भी नहीं करवा सकता हूं क्योंकि मेरी तो पूरी पूंजी इंजीनियर परितोष सकलेचा और असलम पठान ने मकान में लगवाकर उसे अधूरा छोडक़र मुझे बर्बादी के कगार पर ला दिया।



## कोयलखेड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर, चिकन गुनिया के मरीज़ बढ़े

**घट्टिया।** घट्टिया तहसील के गाव कोयलखेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया द्वारा ब्लॉक मेडिकल आफिसर डॉ. अनुज शल्या के मार्गदर्शन में मंगलवार को को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । गाव कोयलखेड़ी में संक्रमण फैलने व अधिक लोगों के बीमार होने की सूचना मिली थी जिसपर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया की टीम ने कोयलखेड़ी गांव में 455 लोगों के घरों पर होम विजिट की गई। विजिट के दौरान 139 घरों में जल संग्रहण बर्तनों, टंकी, जल जमाव आदि जगहो पर संक्रमित लार्वा सर्वे भी किया गया। 137 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 76 लोगों के खून के नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जिसमें 24 प्रकार की जांच की जाकर रिपोर्ट आने के पश्चात पुन: शिविर लगाकर लोगों को उपचार दिया जाएगा ।इसी के साथ 10 मरीजों के खकार के नमूने भी लिए टीबी आदि रोगों की जांच होगी। मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया गया है । प्राथमिक जांच में पाया गया कि गाव में अधिकांश लोगों को चिकन गुनिया संक्रमण है जिसका प्राथमिक उपचार किया गया व जांच रिपोर्ट आने पर पुन: कैम्प लगाकर उपचार दिया जाएगा।

## स्वर संवाद द्वारा मराठी नाटक पुरुष का आयोजन 17 को

**उज्जैन।** स्वर संवाद द्वारा अजिंक्य योद्धा श्रीमंत बाजीराव पेशवा पर्व 2025–26 के चतुर्थ पुष्प के रूप में सोमवार 17 नवम्बर को सुप्रसिद्ध मराठी फिल्म अभिनेता शरद पोंक्षे एवं सुप्रसिद्ध मराठी फिल्म अभिनेत्री स्पृहा जोशी अभिनीत, जयवंत दळवी लिखित एवं राजन ताम्हणकर निर्देशित मराठी नाटक पुरुष का आयोजन पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास संस्कृत अकादमी में सोमवार 17 नवम्बर को सायं 6 से 9:30 बजे तक होगा। 1982 में यह नाटक मराठी रंगभूमी पर प्रकट हुआ तथा इस नाटक में नाना पाटेकर, रीमा लागू और चंद्रकांत गोखले जैसे दिग्गज कलाकारों ने अभिनय किया था। वर्तमान में इस नाटक में मराठी चित्रपट सृष्टि एवं रंगभूमी के दिग्गज कलाकार शरद पोंक्षे, अविनाश नारकर, स्पृहा जोशी, अनुपमा ताकमोगे, निषाद भोईर और नेहा परांजपे अभिनय करेंगे।

## ग्रामीण संस्कृति की झलक लिए सजी समन्वय की यादगार संध्या



**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा आयोजित ग्रामीण परिवेश पर आधारित मिलन समारोह उत्साह, आनंद और संस्कृति की खुशबू से सराबोर रहा। इस विशेष आयोजन में 50 दंपति सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिन्होंने अपनी ग्रामीण वेशभूषा में शामिल होकर पूरे माहौल को सजीव बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से किया गया। सदस्यों के बीच गांव की पुरानी यादों को ताज़ा करने के उद्देश्य से कई मनोरंजक पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। गिल्ली डंडा, सितोलिया, रस्साकसी, कंचे और छुपम–छाई जैसे खेलों में सभी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। खेलों का संयोजन संस्था के सचिव आशीष नांदेचा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संचालित किया।

प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। उत्कृष्ट ग्रामीण वेशभूषा का पुरस्कार संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया को प्राप्त हुआ, वहीं सितोलिया खेल में कमलेश जैन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

कार्यक्रम में ग्रामीण परिवेश की सच्ची अनुभूति दिलाने के लिए चूल्हे पर तैयार मक्के, ज्वार और बाजरे की रोटियां परोसी गईं, जिनकी सुगंध ने सभी को अपने बचपन के दिनों की याद दिला दी। भोजन की सादगी और स्वाद ने सभी के मन को भा लिया।

समारोह के समापन पर संस्था के अध्यक्ष नगीन नलवाया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, समन्वय परिवार ने जिस तरह ग्रामीण थीम को अपनाकर आयोजन को सफल बनाया है।


## गोपाल मंदिर, महाकाल क्षेत्र के पुराने बाजारों को प्राकृतिक बाजार घोषित किया जाए

**▸ सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा, ताकि व्यापारी की आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंच सके– शक्तिमान घोष**




**उज्जैन। हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ द्वारा नेशनल हॉकर्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी शक्तिमान घोष की अध्यक्षता में चार दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।**

संगठन के महामंत्री संजय चौहान ने बताया कि झलारिया मठ स्थित बालमुकुंद आश्रम पर आयोजित बैठक के दौरान हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विभिन्न शहरों से आए पदाधिकारियों ने अपने–अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान जनरल सेक्रेटरी शक्तिमान घोष ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा, ताकि व्यापारी वर्ग की आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के तहत पथ विक्रेताओं को दिए गए अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने मांग की कि पथ विक्रेताओं के हित में पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए, शिकायत निवारण समिति बनाई जाए, तथा व्यापारियों को संरक्षण प्रदान किया जाए। साथ ही, गोपाल मंदिर क्षेत्र और महाकाल क्षेत्र के पुराने बाजारों को प्राकृतिक बाजार घोषित करने की भी मांग रखी गई। बैठक के दौरान उड़ीसा से उज्जैन पहुंचे कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को ज्ञापन देकर उड़ीसा के सभी कार्यकर्ताओं की सूची भी सौंपी, ताकि आगे संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती से संचालित किया जा सके। इस लीडरशिप मिटिंग मे उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया।



## बंजारी में पांच लाख रुपए की लागत से होगा नाली निर्माण

**घट्टिया।** ग्राम विकास व स्वच्छता आम लोगों की सक्रियता व जिम्मेदारी से संभव है हमें अपने गांव को अधिक विकसित व स्वच्छ बनाने के लिए सामूहिक प्रयास निरंतर जारी रखना है। उक्त उद्‌गार जिला पंचायत सदस्य दलजीत कौर गुर ने महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंजारी में 15 वें वित्त आयोग से नाली निर्माण के लिए पांच लाख रुपए स्वीकृत कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त किए। अध्यक्षता करते हुए सरपंच जगदीश कुमावत ने ग्राम की विभिन्न समस्याओं व जारी विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह गुर ने युवाओं का आव्हान किया कि वे ग्राम विकास व स्वच्छता को लेकर सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें तभी हम गांव का समग्र विकास कर पाएंगे। अतिथियों का स्वागत पूर्व सरपंच रामेश्वर कुमावत, नानूराम कुमावत, रामनारायण बंजारी, कैदार मुकाती, राधेश्याम कुमावत, सोनूदास बैरागी, दीपक कुमावत, मदनलाल जी, नागूलाल कुमावत, आदि ने किया। संचालन पंचायत सचिव टीकमसिंह राठौड़ व आभार रोजगार सहायक हरीश कुमावत ने किया।




## भारतीय कॉलेज की छात्राओं ने पारले–जी, इंदौर में किया औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण

**उज्जैन ।** भारतीय कॉलेज के बी.कॉम एवं बी.बी.ए. विभाग की छात्राओं ने इंदौर के प्रसिद्ध पारले–जी उद्योग का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पादन प्रक्रिया से परिचित कराना था।

पारले कंपनी के प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने छात्राओं को बिस्किट निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया– कच्चे माल के चयन से लेकर तैयार उत्पाद की पैकेजिंग और मार्केटिंग तक की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारले–जी उद्योग किस प्रकार गुणवत्ता, स्वच्छता और समय–प्रबंधन के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए प्रतिदिन लाखों उपभोक्ताओं तक अपने उत्पाद पहुंचाता है। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने उत्पादन तकनीक, मशीन संचालन, गुणवत्ता परीक्षण, औद्योगिक अनुशासन, श्रम विभाजन तथा उत्पादन श्रृंखला के समन्वय जैसे कई व्यावहारिक पहलुओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने यह भी जाना कि एक संगठित टीमवर्क और योजनाबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से किसी उत्पाद को उपभोक्ता तक पहुंचाने में प्रत्येक चरण की क्या भूमिका होती है। इस भ्रमण में कॉलेज की प्रो. डॉ. चेताली वेद, प्रो. हेमलता चौहान एवं प्रो. रुचिका त्रिवेदी मार्गदर्शक शिक्षिकाओं के रूप में साथ रहीं, जिन्होंने छात्राओं को औद्योगिक क्षेत्र में व्यवहारिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

**एक नजर** ▸ भारत के विकास में महिलाओं के योगदान का किया सम्मान

## नारी से राष्ट्र तक की शक्ति यात्रा का प्रतीक बना सप्तशक्ति संगम




**उज्जैन।** संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, संस्कृति भवन, ऋषिनगर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। विद्या भारती परिवार द्वारा आयोजित इस प्रेरक आयोजन का उद्देश्य नारीशक्ति में सप्तशक्ति के प्रकटीकरण तथा भारत के विकास में महिलाओं के योगदान का सम्मान करना रहा। मातृदेवो भव: की भावना से प्रेरित इस कार्यक्रम में नारी के सृजन, संवेदना, नेतृत्व और संस्कार जैसे विविध आयामों पर सार्थक विमर्श हुआ।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता हीना नीमा, क्षेत्र सहसंयोजिका, सप्तशक्ति संगम एवं प्रांत उपाध्यक्ष, विद्या भारती (नगरीय शिक्षा), मालवा प्रांत रहीं। उन्होंने कहा कुटुम्ब प्रबोधन समाज का मूल है, जब परिवार संस्कारित होंगे, तभी राष्ट्र संस्कारित होगा। नारी इस परिवर्तन की केंद्र शक्ति है। विशिष्ट अतिथि डॉ. डॉली गिरी गोस्वामी, प्रांतीय सहसचिव, विद्या भारती (ग्रामीण शिक्षा), मालवा प्रांत ने अपने उद्बोधन में कहा भारत की नारी प्राचीन काल से करुणा, संवेदना और संकल्प की प्रतीक रही है। जब नारी जागरूक होगी, तभी समाज और राष्ट्र संस्कारित व समृद्ध बनेंगे। अध्यक्षता करते हुए डॉ. संतिन्दर कौर सलूजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी ने कहा नारी सृजन की मूर्ति है। नारी का सम्मान ही संस्कृति का सम्मान है, और मातृशक्ति का उत्थान ही राष्ट्र उत्थान का मार्ग है। कार्यक्रम की प्रस्तावना कल्पना शर्मा, उपाध्यक्ष, सरस्वती शिशु मंदिर समिति, ऋषिनगर ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा 'सप्तशक्ति संगम' मातृशक्ति के समर्पण और संस्कारों का उत्सव है, जो समाज में नई चेतना जगाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गीत नव युग का नव विचार आया से हुआ। दीप प्रज्ज्वलन, संस्कृत वंदना और समूह गीत हम ही मातृशक्ति हैं की प्रस्तुति ने वातावरण में ऊर्जा और पवित्रता भर दी। अतिथि परिचय डॉ. स्मृति जैन ने प्रस्तुत किया, स्वागत सोमलता गुप्ता, शकुंतला सोलंकी, रंजिता जैन एवं शालू पिपरिया ने किया। संचालन शैली परमार ने प्रभावशाली ढंग से किया। प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश शीर्षक प्रस्तुति में रानी लक्ष्मीबाई, मीरा बाई, सावित्रीबाई फुले जैसी नारी विभूतियों के जीवन प्रसंगों ने सभी को भावविभोर किया।